बिंदु आहूजा ने जीता स्टार शिक्षक पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

25 सितंबर, 2022 को आयोजित एक वर्चुअल समारोह में जमशेदपुर के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सहायक शिक्षक और उत्कृष्टता समन्वयक बिंदु आहूजा को लर्निंग मैटर्स द्वारा 'द स्टार एजुकेटर अवार्ड्स 2022-चैंपियन ऑफ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन'से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- बिंदु आहूजा को माइक्रोसॉफ्ट द्वारा माइक्रोसॉफ्ट इनोवेटर अवार्ड, कोलिन्स पब्लिशर्स द्वारा आउट ऑफ बॉक्स थिंकर प्रशस्ति और 2022 में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल द्वारा 'एजुकेटर अवार्ड'भी मिल चुका है।
- कोरोना महामारी के दौरान बिंदु आहूजा ने शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को डिजिटिल रूप से स्वस्थ बनाने के लिये पहल की। प्रधानाचार्य आशु तिवारी के मार्गदर्शन में उन्होंने महामारी के दौरान हाई-टेक फ्यूचर किड्स ग्रुप की शुरुआत की थी, जो अब भी हर रविवार को मुफ्त में चलता है। यह शिक्षक सलाहकार छात्रों को तकनीक-प्रेमी बनाता है। वह छात्रों को फ्लिप टीचिंग_लर्निंग के लिये तैयार करती हैं।
- इन्होंने एमएनपीएस में कई परियोजनाएँ शुरू की थीं और टाटा एजुकेशन एक्सीलेंस प्रोग्राम द्वारा आयोजित एक प्रतियोगिता में उनकी एक परियोजना 'ई-सेंट्रलाइज्ड लेसन प्लानिंग' को 'सर्वश्रेष्ठ अभ्यास'के रूप में मान्यता दी गई थी।
- हाई-टेक समूह के साथ बिंदु आहूजा उन्नत सामग्री के साथ एक मल्टीमीडिया प्लेटफॉर्म प्रदान करती हैं और छात्रों को इमर्सिव तकनीक में प्रशिक्षित करती हैं, जो उन्हें व्यक्तिगत और प्रभावशाली विकास प्रदान करेगी।
- उल्लेखनीय है कि स्टार एजुकेटर अवार्ड लर्निंग मैटर्स की ओर से ऐसे उत्कृष्ट शिक्षकों, शैक्षिक नेताओं और नागरिकों को पहचानने और सम्मानित करने का एक प्रयास है, जिन्होंने शिक्षा के लिये असाधारण समर्पण, प्रतिबद्धता और जुनून दिखाया है।
- 11 श्रेणियाँ थीं, जिनके लिये भारत, श्रीलंका, मलेशिया और फिलीपींस के विभिन्न शिक्षकों और स्कूलों ने आवेदन किया था। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन शिक्षकों के असाधारण काम को उजागर करना है, जो असाधारण रूप से रचनात्मक हैं, डिजिटल परिवर्तन के चैंपियन हैं और समुदाय को प्रभावित करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bindu-ahuja-wins-star-teacher-award